**राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर**
**अध्यक्ष सचिवालय,**

क्रमांकः TACM/WC/21/10-11/ ५५ दिनांक ।।जून 2010

**कार्यवाही विवरण**

**कार्य समिति बैठक संख्या 02/2010–11**
**दिनांक : 9.6..2010**

कार्य समिति की बैठक दिनांक 9.6..2010 को सायं 04.00 बजे माननीय अध्यक्ष, राजस्थान आवासन मण्डल की अध्यक्षता में बोर्ड रूम में सम्पन्न हुई।

उपस्थितः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री ललित कोठारी, अध्यक्ष, राज.आ.म.जयपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री पी.के.गोयल,आवासन आयुक्त राज.आ.म,जयपुर | सदस्य |
| 3. | श्री एच.सी. अग्रवाल, मुख्य अभियन्ता, राज.आ.म. जयपुर | सदस्य |
| 4. | श्री अनिल जैन, वि0स0 एवं मु0लेखाधिकारी, राज. आ. म., जयपुर | सदस्य |
| 5. | श्री एन.के. खरे, अति. मुख्य नगर नियोजक, प्रतिनिधि मु.नगर नियोजक, | सदस्य |
| 6. | श्री के.सी. मीणा, अति0 मु0 अ0 (प्रथम), राज. आ.म., जयपुर | सदस्य |
| 7. | श्री डी.सी. बाबेल, अति0 मु0अ0 (तृतीय), राज. आ. म, जयपुर। | सदस्य |
| 9. | श्री के.एन. माथुर, तक0 सहायक–अध्यक्ष, राज. आ. म., जयपुर | सदस्य–सचिव |

विशेष आमंत्रितः

1. श्री ए.के. अग्रवाल, तकनीकी सहायक–मुख्य अभियंता, राज.आ.मण्डल, जयपुर।
2. श्री नत्थूराम, उप आवासन आयुक्त एवं तकनीकी सहायक, आवासन आयुक्त, रा.आ.म., जयपुर।

बैठक के प्रारम्भ में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले विचलन प्रकरणों से सम्बन्धित प्रस्तावों के सम्बन्ध में यह निर्देश दिए कि कार्यादेश के अन्य विवरणों के साथ कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि का भी उल्लेख किया जाए। उन्होने यह भी कहा कि आमतौर पर यह पाया जाता है कि कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले प्रकरण कार्य समाप्ति के एक वर्ष या अधिक अवधि के पश्चात् प्रस्तुत किए जाते हैं जो उचित प्रतीत नहीं होता है। कार्य समाप्त होने के पश्चात् अन्तिम बिल बनाने इत्यादि का कार्य छः माह में पूरा कर लिया जाकर विचलन प्रकरण कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। जिन कार्यो को समाप्त हुए छः माह से अधिक हो गये है उनके प्रकरण अगली कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत एजेन्डा पर विस्तृत विचार विमर्श पश्चात् निम्न निर्णय लिये गये:–

Agenda No. 1 Confirmation of Minutes of the Works Committee meeting No. 1/10-11 held on 19.4.10.

बैठक के प्रारम्भ में दिनांक 19.4.2010 को आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।

Agenda No. 2 Action Taken Report - Works Committee meeting No. 1/10-11 held on 19.4.2010.

विचार बिन्दु पर चर्चा कर गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

Agenda No. 3 Approval of Tender for finishing work of LIG (G+3) Flats 128 Nos. at Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. R.P. Goyal.

अति. मुख्य अभियन्ता-प्रथम ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स आर.पी. गोयल द्वारा बी.एस.आर. 2008 (जयपुर वृत्त) पर आधारित जी-शिड्युल पर प्रथमतः 5.41 प्रतिशत कम दर दी गई थी। इसी निविदा में LIG (G+3) Flats 112 Nos. के कार्य हेतु दर जी-शिड्युल से 10.31 प्रतिशत कम दर प्राप्त हुई है। उन्होने यह स्पष्ट किया कि कार्य हेतु आर.टी.पी बीएसआर-2008 से 17.58 प्रतिशत अधिक आंकी गई है। अति. मुख्य अभियन्ता का कथन था कि फिनिशिंग के कार्य हेतु न्यूनतम निविदादाता द्वारा दी गई संशोधित दर सही प्रतीत होती है परन्तु समान कार्य हेतु इसी निविदा सूचना के अर्न्तगत आमंत्रित अन्य कार्य हेतु प्राप्त की गई निविदा में दी गई कम दर के परिपेक्ष्य में उचित निर्णय लिया जाना अपेक्षित है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर यह निर्णय लिया गया कि चूंकि समान कार्य हेतु उसी योजना में अन्य निविदा में दर कम प्राप्त हुई है, जिसका प्रस्ताव बिन्दु संख्या 5 पर विचाराधीन है, को दृष्टिगत रखा जाए तो दर अधिक प्रतीत होती है अतः प्रकरण में न्यूनतम निविदादाता मैसर्स आर.पी. गोयल को 10.31 प्रतिशत कम का काउन्टर ऑफर दिया जाना उचित रहेगा तथा न्यूनतम निविदादाता द्वारा काउन्टर ऑफर स्वीकार नहीं किए जाने की दशा में नियमानुसार प्रक्रिया अपनाई जाए।

Agenda No. 4 Approval of Tender for construction of MIG-B 30 & HIG 14 Nos. houses = Total 44 houses at New Housing Scheme, Banswara. Contractor - M/s. Meenu Builders.

अति. मुख्य अभियन्ता-तृतीय ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स मीनू बिल्डर्स द्वारा बी.एस.आर. 2007 (उदयपुर वृत्त) पर आधारित जी-शिड्युल से 6 प्रतिशत कम दर दी गई है। उन्होने यह भी स्पष्ट किया कि समान कार्य दिसम्बर माह में 8.27 प्रतिशत अधिक दर पर स्वीकृत किये गये थे। कार्य हेतु आर.टी.पी बीएसआर-2007 से 17.27 प्रतिशत अधिक आंकी गई है। तथ्यो को दृष्टिगत रख न्यूनतम निविदादाता द्वारा दी गई दर सही प्रतीत होती है तथा स्वीकार करने योग्य है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर यह निर्णय लिया गया है कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स मीनू बिल्डर्स द्वारा दी गयी बी.एस.आर. 2007 (उदयपुर वृत्त) पर आधारित जी-शिड्युल से 6 प्रतिशत कम दर को स्वीकृत किया जाये।

| | |
|---|---|
| Agenda No. 5 | Approval of Tender for finishing work of LIG (G+3) 112 Nos. Flats at Sector-9, Pratap Nagar, Sangaer, Jaipur. Contractor - M/s. Santosh Kumar Rawat. |

अति. मुख्य अभियन्ता-प्रथम ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स संतोष कुमार रावत द्वारा बी.एस.आर. 2008 (जयपुर वृत्त) पर आधारित जी-शिड्युल पर 10.31 प्रतिशत कम दर दी गई है। उन्होने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य हेतु आर.टी.पी बीएसआर-2008 से 17.58 प्रतिशत अधिक आंकी गई है। अतः न्यूनतम निविदा स्वीकार करने योग्य है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर यह निर्णय लिया गया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स संतोषकुमार रावत द्वारा दी गयी बी.एस.आर. 2008 (जयपुर वृत्त) पर आधारित जी-शिड्युल से 10.31 प्रतिशत कम दर को स्वीकृत किया जाये।

| | |
|---|---|
| Agenda No. 6 | Tender for construction of MIG-B = 30 Nos. & HIG = 14 Nos. at New Housing Scheme, Banswara. M/s. Meenu Builders. |

त्रुटिवश विचार बिन्दु संख्या 4 दुबारा इस क्रमांक पर लग गया अतः निरस्त माना जाए।

| | |
|---|---|
| Agenda No. 7 | Approval of Tender for External Electrification work at Sector-3, I.G. Nagar, Jaipur. M/s. Brij Electricals. |

अति. मुख्य अभियन्ता-प्रथम ने समिति को बताया कि ईन्दिरा गांधी नगर योजना सेक्टर-1 से 4 के कार्य स्वीकृति के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप निविदा को स्वीकृति हेतु कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। न्यूनतम निविदादाता मैसर्स बृज इलेक्ट्रिकल द्वारा बी. एस.आर. 2008 (जयपुर वृत्त) पर आधारित जी-शिड्युल पर भाग पार्ट-ए पर 36 प्रतिशत कम तथा पार्ट-ब पर 27 प्रतिशत कम दर दी गई है। उन्होने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य हेतु आर.टी.पी बीएसआर-2008 से 19.33 प्रतिशत अधिक पार्ट-ए हेतु तथा 37.47 अधिक पार्ट-बी पर आंकी गई है। वर्तमान दरें पूर्व में स्वीकृत दरों के लगभग समान है तथा स्वीकृत करने योग्य है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर यह निर्णय लिया गया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स बृज इलेक्ट्रिकल द्वारा बी.एस.आर. 2008 (जयपुर वृत्त) पर आधारित जी-शिड्युल पर भाग पार्ट-ए पर 36 प्रतिशत कम तथा पार्ट-ब पर 27 प्रतिशत कम दर को स्वीकृत किया जाये।

Agenda No. 8 Splitting of RHB Krishna Apartment 512 EWS (G+3) Multi-Storied Houses at Sector-28, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur.

कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गई:–

| क्र.सं. | फेज | जेन | आवासों की संख्या | अनुमानित लागत (लाखों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम | प्रथम | 272 | 779.54 |
| 2 | प्रथम | द्वितीय | 240 | 687.83 |

Agenda No. 9 Approval of Final Deviation for the work of L.T. Panel and other Misc. Electric Work at H.O. Building, Jyoti Nagar, Jaipur. Contractor - M/s. Y.K. Mital.

समिति द्वारा प्रस्ताव में दिए गए तथ्यों पर विचार कर मैसर्स वाई.के. मित्तल द्वारा किए गए बिजली के कार्य में 31.46 प्रतिशत विचलन को स्वीकृति प्रदान की गई।

Agenda No. 10 Approval of Tender for construction of rematting and carpeting with Paver Work at Aravali Vihar Scheme, Bhiwadi.

अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि सड़क के कार्य हेतु आमंत्रित निविदाओं में 2 निविदाए प्राप्त हुई थी परन्तु एक ही निविदा तकनीकीरूप से सही पाए जाने के कारण यह निविदा एकल निविदा हो गई एवं इसे कार्य समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार किया गया। निविदा के साथ जो कार्य विभाजन की स्वीकृति प्रस्तुत की गई उसमें कार्य डब्ल्यु बी एम सडक बनाना तथा रिमेटलिंग का कार्य दर्शाया गया है जबकि आमंत्रित निविदा में रिमेटलिंग एवं कारपेटिंग के कार्य हेतु निविदाएं मांगी गई है। इस प्रकार कार्य समिति द्वारा दिए गए कार्य विभाजन की स्वीकृति तथा आमंत्रित निविदा के कार्य में अन्तर दर्शित है जिसे स्पष्ट नहीं किया जा सका। साथ ही दरें भी अधिक प्रतीत होने के कारण समिति द्वारा एकल निविदा निरस्त की जाकर सही प्रकार से पुनः आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 11 Approval of Tenders for construction of MIG-B 70 Nos. complete houses (Above plinth level) Zone-I, Sector-06, I.G. Nagar, Jaipur.

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स के.बी.एस. एन्टरप्राइजेज द्वारा बी.एस.आर. 2008 (जयपुर वृत्त) पर आधारित जी–शिड्युल पर 13.31 प्रतिशत कम दर दी गई है। उन्होने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य हेतु आर.टी.पी बीएसआर–2008 से 14.91 प्रतिशत अधिक आंकी गई है। वर्तमान दरें पूर्व में स्वीकृत दरों से कुछ कम है तथा स्वीकृत करने योग्य है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर यह निर्णय लिया गया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स के.बी.एस. एन्टरप्राइजेज द्वारा बी.एस.आर. 2008 (जयपुर वृत्त) पर आधारित जी–शिड्युल पर 13.31 प्रतिशत कम दर को स्वीकृत किया जाये।

Agenda No. 12 Approval of Tenders for construction of MIG-B 69 Nos. complete houses (Above plinth level) Zone-II, Zone-II, Sector-06, I.G. Nagar, Jaipur.

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स के.बी.एस. एन्टरप्राइजेज द्वारा बी.एस.आर. 2008 (जयपुर वृत्त) पर आधारित जी–शिड्युल पर 15.31 प्रतिशत कम दर दी गई है। उन्होने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य हेतु आर.टी.पी बीएसआर–2008 से 14.81 प्रतिशत अधिक आंकी गई है। वर्तमान दरें पूर्व में स्वीकृत दरों से कुछ कम है तथा स्वीकृत करने योग्य है।
समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार कर यह निर्णय लिया गया कि न्यूनतम निविदादाता मैसर्स के.बी.एस. एन्टरप्राइजेज द्वारा बी.एस.आर. 2008 (जयपुर वृत्त) पर आधारित जी–शिड्युल पर 15.31 प्रतिशत कम दर को स्वीकृत किया जाये।

Agenda No. 13 Approval of final deviation and extra items for construction of HIG-I 36 Nos. & HIG-II 34 Nos. Skeleton Flats (Stilt+9 Storey) Zone-B at Mewar Apartment, Sector-15, Pratap Nagar, Jaipur.

1. विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 10.50 प्रतिशत अधिक का विचलन हुआ है। विचलन का प्रमुख कारण कन्सल्टेन्ट द्वारा दिए गए स्ट्रक्चरल डिजाईन को एम.एन.आई.टी. से चैक करवाने पर कॉलम साईज बढ़ाए जाने के साथ रिइन्फोर्समेन्ट के डायामीटर भी बढ़ाए गए। निविदाएं कन्सल्टेन्ट द्वारा दी गई डिजाईन के अनुरूप आमंत्रित की गई थी तथा एम.एन.आई.टी. द्वारा डिजाईन चैक कर बदलाव करने के कारण अधिक मात्रा में कंक्रीट तथा लोहे का प्रयोग किया जाना विचलन का प्रमुख कारण है।
   प्रस्ताव पर तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 55791053.49 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।
2. एक्स्ट्रा आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार भवन की 11 मंजिल पर कन्सल्टेन्ट द्वारा आर.सी.सी. निर्मित पानी का टैंक प्रस्तावित किया गया जिसके लिए विभिन्न कार्यों को करने के लिए बी.एस.आर. के अनुसार देय लिफ्ट के आईटम का जी–शिड्युल में प्रावधान नहीं किया गया था। अतः इससे सम्बन्धित एक्स्ट्रा आईटम करवाने की आवश्यकता पड़ी।

प्रस्ताव पर तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 179395.06 हेतु एक्स्ट्रा आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

Agenda No. 14 Approval of final deviation and extra items for construction of HIG-I 36 Nos. & HIG-II 32 Nos. Skeleton Flats (Stilt+9 Storey) Zone-A at Mewar Apartment, Sector-15, Pratap Nagar, Jaipur.

1. विचलन प्रपत्र – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्यादेश राशि से 12.53 प्रतिशत अधिक का विचलन हुआ है। विचलन का प्रमुख कारण कन्सल्टेन्ट द्वारा दिए गए स्ट्रक्चरल डिजाईन को एम.एन.आई.टी. से चैक करवाने पर कॉलम साईज बढ़ाए जाने के साथ रिइन्फोर्समेन्ट के डायामीटर भी बढ़ाए गए। निविदाएं

कन्सल्टेन्ट द्वारा दी गई डिजाईन के अनुरूप आमंत्रित की गई थी तथा एम.एन.आई.टी. द्वारा डिजाईन चैक कर बदलाव करने के कारण अधिक मात्रा में कंक्रीट तथा लोहे का प्रयोग किया जाना विचलन का प्रमुख कारण है। समिति को एम.एन.आई.टी. द्वारा चैक की गई डिजाईन का भी अवलोकन करवाया गया।

प्रस्ताव पर तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 55773665.93 हेतु विचलन प्रपत्र प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

2. एक्स्ट्रा आईटम – अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि प्रस्तावानुसार भवन की 11 मंजिल पर कन्सल्टेन्ट द्वारा आर.सी.सी. निर्मित पानी का टैंक प्रस्तावित किया गया जिसके लिए विभिन्न कार्यों को करने के लिए बी.एस.आर. के अनुसार देय लिफ्ट के आईटम का जी–शिड्युल में प्रावधान नहीं किया गया था। अतः इससे सम्बन्धित एक्स्ट्रा आईटम करवाने की आवश्यकता पड़ी।

प्रस्ताव पर तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा चर्चा की गई। रु. 179184.86 हेतु एक्स्ट्रा आईटम प्रस्तावानुसार अनुमोदित किया गया।

Agenda No. 15 Approval of final deviation for construction work of HIG-I 13 Nos. (11.90x27.15 mtr) under SRS 07 at Tilak Nagar, Bhilawara.

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने समिति के समक्ष बताया कि प्रस्तावानुसार कार्य निष्पादन के दौरान कुछ आईटम में बचत हुई तथा कुछ आईटम की मात्रा अधिक निष्पादित की गई। कार्यस्थल लो–लाईंग एरिया होने के कारण खुदाई में बचत हुई जबकि नीवं की चुनाई तथा मिट्टी भराई अधिक करवानी पड़ी। सामने की चारदिवारी ईंटों से बनाई जिसके कारण ईटों के कार्य में भी बढ़ोतरी हुई तथा प्लास्टर के कार्य में भी बढ़ोतरी हुई। उन्होने यह भी बताया कि मार्बल के कार्य में भी बढ़ोतरी हुई चूंकि पोर्च की फर्श पर भी मार्बल लगाया गया। बचत की दृष्टि से खिड़कियों में जाली के पल्ले इत्यादि नहीं लगाए गए, बाहर के जी.आई. पाइप नहीं लगाए गए तथा कन्ड्यूट में वायरिंग इत्यादि नहीं कराई गई। इस प्रकार कुल विचलन 9.47 प्रतिशत कार्यादेश राशि से अधिक है। मकानों की अन्तिम लागत का निर्धारण किया जाकर अधिकतर मकानों के कब्जे दिए जा चुके हैं। अतः प्रस्तावानुसार कार्य में हुए विचलन स्वीकृति योग्य है।

प्रस्ताव पर समिति द्वारा चर्चा की गई। अध्यक्ष महोदय द्वारा मकान के फिनिशिंग कार्यों में की गई कटौती से असहमति दर्शाई। उनका यह कथन था कि आवंटी को अच्छे फिनिश मकान दिया जाना मण्डल का ध्येय होना चाहिए। इस प्रकार की कटौतियां उचित नहीं हैं पोर्च में मार्बल लगाया जाने का भी कोई औचित्य नहीं हे। चूंकि मकानों की लागत निर्धारण होकर कब्जे दिए जा चुके है अतः विचलन प्रपत्र को अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया तथा यह निर्देशित किया गया कि आवासीय अभियन्ता से स्पष्टीकरण मांगा जाए कि किस सक्षम अधिकारी के निर्देशों से पोर्च में मार्बल लगाया गया। भविष्य में इस प्रकार के कार्य नहीं किए जावें इस हेतु मुख्य अभियन्ता से निर्देश जारी करने की अपेक्षा की गई।

Agenda No. 16 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर के सैक्टर–03 में मध्यम आय वर्ग–'ब' (डुप्लेक्स) के 132 आवासों का कार्य विभाजन।

कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गई:–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | जोन | आवासों की संख्या | अनुमानित लागत (लाखों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मध्यम आय वर्ग–ब (डुप्लेक्स) के 32 आवास | ए | 32 | 356.53 |
| 2 | मध्यम आय वर्ग–ब (डुप्लेक्स) के 44 आवास | बी | 44 | 490.22 |
| 3 | मध्यम आय वर्ग–ब (डुप्लेक्स) के 56 आवास | सी एवं डी | 56 | 623.92 |

Agenda No. 17 हनुमानगढ़ आवासीय योजना में स्वीकृत उच्च आय वर्ग के 78 आवासों के निर्माण कार्य के कार्य विभाजन की Ex-post-facto स्वीकृति बाबत।

प्रस्तावानुसार कार्य समिति की कार्योत्तर स्वीकृति की अपेक्षा में अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन पश्चातृ कार्य विभाजन निम्नानुसार किया जाकर निविदाएं आंमत्रित की गई:–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | जोन | आवासों की संख्या | अनुमानित लागत (लाखों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च आय वर्ग सेक्टर–8 | I | 56 | 522.66 |
| 2 | उच्च आय वर्ग सेक्टर–4 | II | 22 | 205.34 |
| | कुल | | 78 | 728.00 |

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किए गए कार्य विभाजन पर विचार कर समिति द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया।

**समिति की बैठक माननीय अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये समाप्त की गयी।**

11/6/16

**सदस्य सचिव–कार्य समिति एवं**
**तकनीकी सहायक–अध्यक्ष**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव अध्यक्ष, राजस्थान आवासन मंडल, जयपुर।
2. निजी सचिव – आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल जयपुर।
3. निजी सहायक, मुख्य नगर नियोजक, राज0 सरकार, जयपुर।
4. मुख्य अभियंता, रा0आ0मं0, जयपुर।
5. वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, रा0आ0मं0 जयपुर।
6. अतिरिक्त मुख्य अभियंता–I/ III, राज. आ. मंडल, जयपुर
7. उप आवासन आयुक्त, वृत्त–प्रथम/द्वितीय/तृतीय, रा.आ.मं., जयपुर /वृत्त जोधपुर प्रथम/द्वितीय।
8. तकनीकी सहायक, आवासन आयुक्त, राज.आ.मण्डल, जयपुर।

11/6/16

सदस्य सचिव–कार्य समिति एवं
तकनीकी सहायक–अध्यक्ष

<u>अत्यावश्यक</u>

## राजस्थान आवासन मण्डल, अध्यक्ष सचिवालय, जयपुर

कमांकः त.स.–अध्यक्ष / कार्य समिति / 21 / 10–11 / 32 दिनांक 27.05.10

<u>कार्य समिति बैठक सूचना</u>

कार्य समिति की बैठक संख्या 02 / 2010–11 माननीय अध्यक्ष, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर की अध्यक्षता में दिनांक 9 जून, 2010 को सायं 4.00 बजे को होना निश्चित हुआ है। अतः निम्न सदस्यों से अनुरोध है कि इस बैठक में उपस्थित होने का श्रम करें :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवासन आयुक्त, राजस्थान मण्डल, जयपुर। | सदस्य |
| 2. | मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान सरकार, जयपुर। | सदस्य |
| 3. | मुख्य अभियंता, रा आ म, जयपुर। | सदस्य |
| 4. | वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, रा0आ0मं0 | सदस्य |
| 5. | अति. अतिरिक्त मुख्य अभियंता – प्रथम, रा0आ0मं0 जयपुर। | सदस्य |
| 6. | अति. अतिरिक्त मुख्य अभियंता – तृतीय रा0आ0मं0 जयपुर। | सदस्य |
| 7. | तकनीकी सहायक–अध्यक्ष, रा0आ0मं0 जयपुर | सदस्य–सचिव |

दिनांक : 9.06.2010
स्थान : राजस्थान आवासन मण्डल मुख्यालय, जयपुर।
समय :– अपरान्ह : 04.00 बजे

प्रस्तावित बैठक के विचारार्थ विचार बिन्दु पृथक से प्रेषित किये जाएंगे।

सदस्य सचिव–कार्य समिति
एवं तकनीकी सहायक–अध्यक्ष
राजस्थान आवासन मण्डल,
जयपुर।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1 निजी सचिव अध्यक्ष / आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल जयपुर
2. निजी सहायक, मुख्य नगर नियोजक, राज0 सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, मुख्य अभियंता, रा0आ0मं0 जयपुर।
4. निजी सहायक, वित्तीय सलाहकार, रा0आ0मं0 जयपुर
5. अतिरिक्त मुख्य अभियंता– I / III, जयपुर।

सदस्य–सचिव
उप आवासन आयुक्त एवं
तकनीकी सहायक–अध्यक्ष
राजस्थान आवासन मण्डल,
जयपुर।